# जहां सब्जी मंडी के बने थे ओटले, वहां बनेगा आधुनिक मॉल

- 17 साल तक खाली पड़ी मंडी की जमीन पर यूडीए की नई तैयारी
- कॉसमॉस मॉल के सामने बनेगा नया शॉपिंग सेंटर
- सब्जी मंडी का सपना अधूरा

प्रमोद व्यास

**उज्जैन. शहर के तेजी से विकसित हो रहे महानंदा नगर क्षेत्र में अब एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है. जिस स्थान पर करीब डेढ़ दशक पहले स्थानीय रहवासियों की सुविधा के लिए सब्जी मंडी बनाई गई थी और जहां दुकानों के लिए ओटले तैयार किए गए थे, अब उसी स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया शॉपिंग मॉल बनाया जाएगा.**

उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने इस दिशा में तैयारी शुरू कर दी है और आने वाले समय में यहां मौजूद शेड और ओटलों को हटाकर एक नई व्यावसायिक परियोजना को आकार दिया जाएगा.

**बेशकीमती जमीन**-यह क्षेत्र अब पूरी तरह से शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों में शामिल हो चुका है. पहले जहां सीमित गतिविधियां होती थीं, वहीं आज यहां दिनभर भारी आवागमन रहता है. दुकानों, बैंक, रेस्टोरेंट, कार्यालयों और बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के कारण यह इलाका लगातार विकसित हो रहा है. ऐसे में यूडीए इस बेशकीमती जमीन का बेहतर उपयोग करते हुए यहां एक और आधुनिक मॉल विकसित करना चाहता है.

**सब्जी मंडी के ओटले वीरान**-इस क्षेत्र में महानंदा नगर, जवाहर नगर, संत कबीर नगर, अलखनंदा नगर, आनंद नगर, महाश्वेता नगर, महाशक्ति नगर और महाकाल वाणिज्य, काला पत्थर सहित अन्य 15 बड़ी कॉलोनियों के लगभग 50 हजार परिवारों को अपने क्षेत्र में ही सब्जी और फल खरीदने की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यूडीए ने वर्ष 2009 में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से सब्जी मंडी का निर्माण कराया था.

**109 ओटले बनाए थे**-यूडीए ने इस योजना के तहत 109 लोगों को भाड़ा-क्रय योजना के अंतर्गत 76 हजार रुपये प्रति ओटला के हिसाब से आवंटन किया गया था. लीज की शर्त स्पष्ट थी कि यहां केवल सब्जी एवं फल व्यवसाय ही किया जा सकेगा. लेकिन योजना का उद्देश्य कभी पूरा नहीं हो सका.

**नोटिस, चेतावनी, बैठकें भी बेअसर**-यूडीए ने समय-समय पर ओटला धारकों को चेतावनी दी. जुलाई 2017 में बैठक बुलाकर स्पष्ट किया गया कि यदि दुकानों का संचालन शुरू नहीं किया गया तो आवंटन निरस्त किया जा सकता है. नोटिस भी जारी किए गए, लेकिन कुछ समय बाद कार्रवाई ठंडी पड़ गई. स्थानीय स्तर पर साप्ताहिक हाट बाजार को मंडी परिसर में स्थानांतरित करने की कोशिश भी की गई. शुरुआती दो मंगलवार तक कुछ दुकानें अंदर लगीं, लेकिन बाद में व्यापारी पुनः सड़क पर लौट गए.



### यूडीए कर्मचारियों ने भी खरीदे ओटले

इस योजना की सबसे रोचक बात यह रही कि यूडीए के छह कर्मचारियों और उनके परिजनों ने भी यहां ओटले खरीद रखे थे. बावजूद इसके, प्राधिकरण अपने ही कर्मचारियों को निर्धारित उद्देश्य के अनुसार दुकानें शुरू कराने में सफल नहीं हो सका. कई लोगों ने इन ओटलों को स्वयं व्यवसाय करने के बजाय भविष्य में किराए पर देने या निवेश के रूप में खरीदा था. मंडी में पर्याप्त ग्राहकी नहीं होने के कारण न तो स्वयं दुकानें शुरू हो सकीं और न ही उन्हें किराए पर देना संभव हो पाया.



### 17 साल में नहीं खुली मंडी, सड़क पर ही लगता रहा बाजार

ओटले निर्माण के बाद उम्मीद थी कि क्षेत्र के लोग व्यवस्थित और स्वच्छ वातावरण में खरीदारी कर सकेंगे, 17 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी मंडी पूरी तरह चालू नहीं हो सकी. प्रत्येक मंगलवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार आज भी सड़क पर ही लगता है. इससे क्षेत्र में यातायात बाधित होता है, गंदगी फैलती है और रहवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है. दूसरी ओर, करोड़ों रुपये की लागत से बनी मंडी अधिकांश समय खाली पड़ी रहती है.

### अब बदल चुकी है पूरे क्षेत्र की तस्वीर

पिछले कुछ वर्षों में महानंदा नगर और महाकाल वाणिज्य केंद्र की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है. यह क्षेत्र अब उज्जैन के प्रमुख कमर्शियल जोन के रूप में स्थापित हो चुका है. यहां पहले से ही विकास प्राधिकरण की भूमि पर निर्मित कॉसमॉस मॉल सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है और उससे प्राधिकरण को नियमित लीज आय प्राप्त होती है. प्रस्तावित योजना के तहत वर्तमान शेड और ओटलों को हटाया जाएगा. जिन लोगों ने ओटले खरीदे थे, उन्हें निर्धारित नियमों के अनुसार उनकी जमा राशि लौटाई जाएगी. जानकारी के अनुसार, प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत कुछ प्रतिशत राशि नियमानुसार काटी जा सकती है.

#### सीईओ संदीप सोनी ने शुरू की तैयारी

उज्जैन विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप सोनी ने इस दिशा में प्रारंभिक काम शुरू कर दिया है. उद्देश्य यह है कि शहर के तेजी से बढ़ते व्यावसायिक स्वरूप के अनुरूप इस महत्वपूर्ण भूमि का सर्वोत्तम उपयोग किया जाए.

# पिता की नाराजी से टूटे युवक ने उठाया खौफनाक कदम

- हाथ की नस काटने के बाद जहर खा लिया
- अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ दिया दम



**इंदौर. एकता नगर क्षेत्र में पारिवारिक विवाद से परेशान युवक ने आत्मघाती कदम उठाते हुए पहले हाथ की नस काटी और फिर जहर खा लिया. गंभीर हालत में अस्पताल ले जाए गए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

पुलिस के मुताबिक मृतक विशाल पिता अर्जुन उम्र 35 साल एक सीड्स कंपनी में काम करता था. वह पिछले कुछ समय से पत्नी और ससुराल पक्ष के साथ चल रहे विवाद को लेकर तनाव में था. परिजनों के अनुसार इस विवाद में उसके पिता अर्जुन बेटे का साथ देने के बजाय बहू और ससुराल पक्ष के पक्ष में थे, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था. बताया जा रहा है कि पिता ने उससे नाराज होकर बातचीत बंद कर दी थी और उसका फोन उठाना भी बंद कर दिया था. इसी बात से आहत होकर विशाल डिप्रेशन में चला गया. घटना के दौरान वह कमरे में अकेला था, जहां उसने ब्लेड से अपने हाथ की नस काट ली. काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर रूममेट ने आवाज लगाई, जिस पर विशाल ने खून से लथपथ हालत में दरवाजा खोला. रूममेट ने तुरंत उसके हाथ पर पट्टी बांधी, तभी उसने बताया कि उसने जहर भी खा लिया है. इसके बाद उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया. डॉक्टरों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन जहर का असर ज्यादा होने से इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. भंवरकुआं थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है.

# नौकरशाही का मनोबल टूट रहा : सुधीर

## पदोन्नति नहीं मिलने से प्रशासनिक तंत्र में निराशा का माहौल

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 13 मई. मध्यप्रदेश में शासकीय कर्मचारियों को पिछले लगभग एक दशक से पदोन्नति नहीं मिलने के कारण प्रशासनिक तंत्र में निराशा और असंतोष का माहौल गहराता जा रहा है.**

मंत्रालय सेवा अधिकारी/कर्मचारी संघ के अध्यक्ष इंजी. सुधीर नायक ने आरोप लगाया कि पदोन्नति प्रक्रिया 'प्रशासनिक पलायन और पक्षपात' का शिकार रही है, जिससे कर्मचारियों का मनोबल लगातार गिर रहा है. नायक ने कहा कि राज्य की नौकरशाही की कार्यक्षमता और उत्साह पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ा है. उन्होंने कहा कि जहां वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर पदोन्नति मिल रही है, वहीं अधीनस्थ कर्मचारी वर्षों से कैरियर उन्नति से वंचित हैं. इससे प्रशासनिक व्यवस्था में हताशा बढ़ी है.

उन्होंने कहा कि उत्साहहीन कर्मचारियों के बल पर सुशासन का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता और इसका खामियाजा प्रदेश की आठ करोड़ जनता भुगत रही है. नायक ने आरोप लगाया कि उन्होंने सरकार को कई व्यावहारिक समाधान सुझाए थे, जिनमें राज्य प्रशासनिक सेवा की तर्ज पर समयमान वेतनमान के साथ उच्च पदनाम देने का प्रस्ताव भी शामिल था, लेकिन इन सुझावों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई.

### न्याय संगत तरीके से सुलझाया जा सकता है विवाद

उन्होंने पदोन्नति नियमों में संशोधन कर आरक्षण संतुलन बनाए रखने, वरिष्ठता की रक्षा करने तथा वर्ष 2016 से लंबित पदोन्नतियां लागू करने की मांग की. उनके अनुसार, इससे लंबे समय से चला आ रहा विवाद निष्पक्ष और न्यायसंगत तरीके से सुलझाया जा सकता है.



# कार से डेढ़ किलो गांजा और हथियार बरामद, पांच गिरफ्तार

**शहडोल.** अमलाई थाना पुलिस ने एक लग्जरी कार से डेढ़ किलो से अधिक गांजा, दो देशी कट्टे और दो जिंदा कारतूस बरामद कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. बीती रात अनूपपुर जिले की ओर से आ रही एक संदिग्ध लग्जरी कार को रोककर तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान वाहन से एक किलो 567 ग्राम गांजा, दो देशी कट्टे तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए. पुलिस ने वाहन में सवार उदयभान जायसवाल, आशीष गुप्ता, कपिल सोनी, मोहम्मद युसूफ और प्रणव शर्मा से बरामद सामग्री के संबंध में वैधानिक दस्तावेज मांगे, लेकिन वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके. पुलिस ने सभी आरोपियों को नारकोटिक्स एक्ट तथा अन्य धाराओं में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया.

# खजुराहो-रतलाम सबसे गर्म, लू का अलर्ट

## कई शहरों में तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचा

**इंदौर, 13 मई.** मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. खासतौर पर मालवा-निमाड़ क्षेत्र में लू और तेज गर्म हवाओं का असर लगातार बढ़ता जा रहा है. मौसम विभाग ने इंदौर और उज्जैन संभाग के 11 जिलों में अगले चार दिनों तक हीट वेव का अलर्ट जारी किया है. प्रदेश के कई शहरों में तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना जताई गई है.

रतलाम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. धार 44.5 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा. उज्जैन, श्योपुर और शाजापुर में भी तापमान 44 डिग्री से ऊपर पहुंच गया. वहीं उज्जैन प्रदेश के बड़े शहरों में सबसे गर्म रहा, जहां पारा 44.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. इंदौर में 43.6 डिग्री, भोपाल में 42.6 डिग्री, जबलपुर में 42 डिग्री और ग्वालियर में 41.5 डिग्री तापमान दर्ज हुआ. मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है. साथ ही पर्याप्त पानी पीने, हल्के सूती कपड़े पहनने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है. बुधवार से इंदौर, उज्जैन, रतलाम, धार, देवास, झाबुआ, अलीराजपुर, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर सहित कई जिलों में लू का असर सबसे ज्यादा रहेगा. भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी तेज गर्म हवाएं चल सकती हैं.



### इंदौर में दूसरे दिन भी पारा 43 पार, तपा शहर

इंदौर में बुधवार को भी शहर का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य 4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था. लेकिन तापमान में कोई कमी नहीं आई. तापमान का आंकड़ा इसी से लगाया जा सकता है कि शाम छह बजे भी पारा 41.4 डिग्री दर्ज किया गया है. यह सामान्य से करीब 5 डिग्री ज्यादा है. गर्मी में पिछले दो दिनों से रात में भी राहत नहीं और रात का पारा भी सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा रहकर 30.2 डिग्री दर्ज किया है. कहने का तात्पर्य यह है कि रात में भी एसी और कूलर के बिना नींद नहीं ले सकते हैं. गादी बिस्तर भी इतने गर्म हो रहे है कि उस पद भी पसीने छूट रहे हैं. मौसम विभाग के अनुसार पिछले तीन दिनों से मालवा और निमाड़ में लू चल रही है. आज इंदौर में कुछ कुछ जगहों पर बादल छाए रहे, लेकिन तापमान ज्यादा ही रहा है. बताया जा रहा है कि अगले 6-7 दिनों तक तापमान बढ़ेगा या स्थिर रह सकता है, लेकिन पारा गिरने की संभावना कम बताई जा रही है.

# आधुनिक सुविधाओं से सजा विदिशा स्टेशन

### अमृत भारत योजना में बदला स्टेशन का स्वरूप

नवभारत समाचार

**भोपाल, 13 मई. मध्यप्रदेश का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखने वाला विदिशा रेलवे स्टेशन अब आधुनिकता का नया प्रतीक बन गया है. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन के पुनर्निर्माण और उन्नयन कार्य पूरे कर लिए गए हैं.**

भोपाल मंडल के अंतर्गत आने वाला यह स्टेशन यात्रियों की सुविधा और क्षेत्रीय विकास के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाता है. करीब 29.46 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का कायाकल्प किया गया है. योजना के तहत स्टेशन को आधुनिक, सुविधायुक्त और आकर्षक स्वरूप दिया गया है. स्टेशन परिसर के सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण किया गया है, वहीं प्लेटफॉर्म क्रमांक 1, 2, 3 और 4 पर नए कवर ओवर शेड और शेड विस्तार का कार्य पूरा किया गया है.

स्टेशन के अग्रभाग और आंतरिक हिस्सों को आधुनिक डिजाइन के साथ विकसित किया गया है. यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय और शौचालयों का नवीनीकरण भी किया गया है. इसके अलावा दूसरे प्रवेश द्वार का निर्माण होने से यात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने लगी है. स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ाई वाला नया फुट ओवर ब्रिज और नया स्टेशन भवन भी बनाया गया है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा और सुरक्षित आवागमन मिल सकेगा. दिव्यांगजनों के लिए रैंप, टैक्टाइल पाथ और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित कर स्टेशन को दिव्यांगजन अनुकूल बनाया गया है. भोपाल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि विदिशा स्टेशन के पुनर्विकास कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे किए गए हैं. इससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलने के साथ क्षेत्रीय पर्यटन और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा.




### हिमांशु अग्रवाल को मिला संरक्षा सम्मान

**भोपाल.** पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए हिमांशु अग्रवाल को 'उत्कृष्ट संरक्षा जागरूकता पुरस्कार' से सम्मानित किया. हिमांशु अग्रवाल इटारसी में वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं. 12 अप्रैल 2026 को खंडवा में मालगाड़ी संचालन के दौरान उन्होंने लोको संख्या 31224 का चार्ज लेने के बाद वैगनों की जांच की. इसी दौरान उन्हें एक वैगन से गैस रिसाव जैसी आवाज सुनाई दी. सतर्कता दिखाते हुए उन्होंने तुरंत जांच की, जिसमें पता चला कि रिसाव ब्रेक पाइप से नहीं बल्कि वैगन के डोम कवर से हो रहा था. रेक के 30 वैगनों में गैस लदी हुई थी, जिससे स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी.

# युवती को ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

**पन्ना.** जिले में सोशल मीडिया पर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवती को अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को शाहनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी घटना के बाद से करीब चार वर्ष से फरार चल रहा था. थाना शाहनगर क्षेत्र की एक युवती ने आठ सितंबर 2022 को शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी और पैसों की मांग कर ब्लैकमेल किया. शिकायत के आधार पर थाना शाहनगर में अपराध क्रमांक 218/22 के तहत धारा 384 भारतीय दंड संहिता तथा धारा 67 आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई.

# टैलेंट हंट में दिखीं राजनीतिक प्रतिभाएं

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 13 मई. मध्यप्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित 'टैलेंट हंट प्रोग्राम' के तहत अंतिम चरण के इंटरव्यू के दूसरे दिन बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में युवाओं की राजनीतिक समझ, अभिव्यक्ति क्षमता और संवाद कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला. कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी के लिए युवा प्रवक्ताओं, रिसर्च कोऑर्डिनेटरों और पब्लिसिटी कोऑर्डिनेटरों की पहचान करना है.**

इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने चयनित प्रतिभागियों से सीधा संवाद किया और उनकी राजनीतिक समझ, मीडिया कौशल तथा जनसंचार क्षमता का आकलन किया. इंटरव्यू प्रक्रिया में प्रदेशभर से चुने गए युवाओं ने भाग लिया, जिससे कांग्रेस की संगठनात्मक और जनसंपर्क क्षमता को मजबूत करने की कोशिश स्पष्ट दिखाई दी. चयन प्रक्रिया के दौरान मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप यादव, अनिल यादव, कोऑर्डिनेटर अर्चित सिंह, वरिष्ठ पत्रकार एल.एन. शीतल तथा अर्श खान मौजूद रहे.



पार्टी नेताओं ने कहा कि प्रतिभागियों में वैचारिक स्पष्टता, राजनीतिक जागरूकता और प्रभावी संवाद क्षमता देखने को मिली. युवाओं का उत्साह इस बात का संकेत है कि नई पीढ़ी केवल राजनीति को देखने तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि अपने विचारों और नेतृत्व क्षमता के माध्यम से उसे नई दिशा देने के लिए तैयार है. जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं को अवसर देने और नए नेतृत्व को आगे लाने के लिए लगातार कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि 'टैलेंट हंट प्रोग्राम' संगठन और जनसंवाद की मुख्यधारा से युवा प्रतिभाओं को जोड़ने का प्रभावी माध्यम बनेगा.

घोटाले | केन-बेतवा परियोजना जैसे मुद्दे सरकार की विफलताओं को उजागर करते हैं : पटवारी

# आदिवासियों के साथ विश्वासघात कर रही सरकार

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 13 मई. जीतू पटवारी ने बुधवार को केंद्र और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर युवाओं, किसानों और आदिवासी समुदायों के साथ 'विश्वासघात' करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा विवाद और केन-बेतवा परियोजना से जुड़े विस्थापन के मुद्दे सरकार की विफलताओं को उजागर करते हैं.**

भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पटवारी ने कहा कि नीट परीक्षा में सामने आई अनियमितताएं कोई अलग घटना नहीं हैं, बल्कि भाजपा शासन में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक और भर्ती घोटालों की श्रृंखला का हिस्सा हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल करीब 24 लाख विद्यार्थियों के भविष्य और सपनों के साथ खिलवाड़ किया गया है.

पटवारी ने मध्यप्रदेश के व्यापम घोटाले सहित पूर्व में सामने आए विभिन्न परीक्षा विवादों का उल्लेख करते हुए कहा कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोगों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो पाती. उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठनों पर शिक्षा संस्थानों और भर्ती प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का आरोप भी लगाया. उन्होंने कहा कि मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों को डॉक्टर बनाने के लिए वर्षों तक मेहनत और भारी आर्थिक खर्च करते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार और अव्यवस्था उनकी उम्मीदों को तोड़ रही है. पटवारी ने घोषणा की कि कांग्रेस 16 मई को युवाओं, रोजगार, शिक्षा और परीक्षा सुधारों को लेकर व्यापक अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करेगी.




कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बुंदेलखंड दौरे के दौरान केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने आरोप लगाया कि हजारों आदिवासी परिवारों को बिना उचित मुआवजे और पुनर्वास के विस्थापित किया जा रहा है. कई परिवार पुराने भूमि रिकॉर्ड और पुनर्वास संबंधी खामियों के कारण मुआवजे से वंचित रह गए हैं.

पटवारी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन, पुलिस और वन विभाग परियोजना से जुड़े निजी ठेकेदारों के पक्ष में कार्य कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं, किसानों, आदिवासियों और गरीब वर्गों के अधिकारों के लिए 'सड़क से सदन तक' संघर्ष जारी रखेगी.

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोपाल.** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई. मृतक के परिजनों ने पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार रचना नगर अंडरब्रिज के ऊपर रेलवे ट्रैक पर बुधवार सुबह एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक की पहचान अशोक बामने निवासी गौतम नगर जनता क्वार्टर के रूप में हुई है. मृतक की मां कृष्णा बामने ने पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि मंगलवार रात किसी लड़की को लेकर विवाद हुआ था. उनके अनुसार उस समय अशोक नशे की हालत में था. आरोप है कि पड़ोसी घर में घुस आया और चारों बेटों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की.




# मंत्री करण सिंह वर्मा ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

नवभारत समाचार

**भोपाल, 13 मई. मध्यप्रदेश शासन के मंत्री करण सिंह वर्मा ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया.**

मध्यप्रदेश शासन के मंत्री करण सिंह वर्मा ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया. जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60